**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**13.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1500बजे**

**नड्डा**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आज शिमला के उपनगर टुटू के समीप मजठाई में भाजपा के नए प्रदेश कार्यालय का शिलान्यास किया। उन्होंने शिलान्यास पट्टिका का अनावरण भी किया। भूमि निरीक्षण के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को प्रस्तावित भवन योजना का विस्तृत विवरण प्रदान किया। इस दौरान जगत प्रकाश नड्डा ने भाजपा कार्यालय परिसर की संरचना, कार्यात्मक जरूरतों और भविष्य की उपयोगिता पर भी मार्गदर्शन दिया।

इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह–प्रभारी संजय टंडन, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर और राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार सहित पार्टी के अन्य नेता व पदाधिकारी मौजूद रहे। इस बीच, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने शिमला के पीटरहॉफ परिसर में एक रैली को भी संबोधित किया।

---

**रेल परियोजनाएं**

केन्द्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रदेश में रेल परियोजनाओं में देरी के लिए राज्य सरकार को ज़िम्मेदार ठहराया है। राज्यसभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी के एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि रेल परियोजनाओं के लिए भूमि स्थानांतरित न करने और परियोजनाओं में राज्य सरकार की हिस्सेदारी न मिलने की वजह से इनके कार्यान्वयन में देरी हो रही है। उन्होंने बताया कि भानुपल्ली–बिलासपुर–बैरी रेलवे लाइन के लिए प्रदेश में एक सौ 24 हैक्टेयर भूमि की ज़रूरत है लेकिन राज्य सरकार ने रेलवे को अभी तक केवल 82 हैक्टेयर भूमि स्थानांतरित की है। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि केन्द्र सरकार इस परियोजना को पूरा करने के लिए वचनबद्ध है लेकिन इसकी सफलता राज्य सरकार के सहयोग पर निर्भर करती है।

---

**संसद हमला**

देश आज संसद की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले सुरक्षाकर्मियों और बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। वर्ष 2001 में आज ही के दिन संसद पर आतंकी हमला हुआ था। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित केन्द्रीय मंत्रियों और सांसदों ने संसद भवन परिसर में शहीद सुरक्षाकर्मियों को पुष्पांजलि अर्पित की।

---

**अग्निहोत्री**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मण्डी शहर के लिए ऊहल नदी से बनी पेयजल योजना के तहत सकोर गांव के समीप पाइप लाइन का निरीक्षण किया। उन्होंने जलशक्ति विभाग के अधिकारियों को इस मुख्य पाइप लाइन के स्थिरीकरण के लिए स्थायी समाधान करने और शहर के लोगों को निर्बाध पेयजल आपूर्ति बहाल करने के दिशा निर्देश दिए। मण्डी शहर की ये मुख्य पेयजल योजना हाल ही में पहाड़ी दरकने से कई जगह बार–बार क्षतिग्रस्त हो रही थी। अग्निहोत्री ने बताया कि भूस्खलन वाले हिस्से को बाईपास करते हुए 4 सौ 50 मिलीमीटर की 9 सौ 70 मीटर नई ग्रैविटी पाइप लाइन बिछाई जाएगी। इस दौरान जलशक्ति विभाग के मुख्य अभियंता उपेन्द्र वैद्य ने प्रस्तावित कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

-----------------------------------------------------------

**मौसम**

प्रदेश में शुष्क मौसम का दौर लगातार जारी है। प्रदेश में दिसम्बर माह के पहले पखवाडे में बारिश व बर्फवारी न होने से सूखे जैसी स्थिति बनी हुई है, जिससे किसानों व बागवानों की चिंता बढ़ गई है। कुल्लू जिला में शुष्क ठंड के चलते लोग वायरल फीवर व खांसी की चपेट आ रहे हैं। अधिक जानकारी के साथ हमारे कुल्लू ज़िला सम्वाद्दाता......

***कुल्लू जिला में इन दिनों सुबह– शाम ठण्ड बढ़ गई है तथा इस शुष्क ठण्ड के चलते लोगो की दिनचर्या भी प्रभावित हो रही है स दोपहर को तो धूप निकल जाती है परन्तु धूप के जाते ही ठण्ड का प्रकोप बढ़ जाता हस शुष्क ठण्ड के चलते लोग वायरल फीवर व् खांसी की चपेट में आ रहे है । जिला के ऊपरी इलाको में कुछ स्थानों पर पानी भी जमना शुरू हो गया है। किसानो –बागवानों को बारिश व् बर्फबारी का इंतज़ार है वही पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोग भी बर्फबारी के बाद यहां घूमने आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद कर रहे है।***

इधर राजधानी शिमला, किन्नौर, कुल्लू, चंबा सहित अन्य क्षेत्रों में आज बादल छाए हुए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार आज शाम से पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है इसके चलते अगले 24 घंटों में लाहौल–स्पिति, किन्नौर, कांगड़ा, चंबा और कल्लू के ऊंचाई वाले कुछ क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी हो सकती है। प्रदेश के अन्य स्थानों पर मौसम साफ बना रहेगा।

-----------------------------------------------------------

**धर्मशाला मैच**

भारत–दक्षिण अफ्रीका टी–ट्वेंटी सीरीज का तीसरा मैच कल 14 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में खेला जाएगा। पांच मैचों की श्रंखला में भारत और दक्षिण अफ्रीका एक–एक से बराबरी पर हैं, ऐसे में धर्मशाला में होने वाले तीसरे मैच में दोनों टीमें बढ़त बनाना चाहेंगी। इससे पहले, भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीमें कल धर्मशाला पहुंची। प्रशासन की ओर से स्टेडियम में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।